## सार-समाचार

### महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

**भीम,**(निसं)। कस्बे में सोमवार को,श्रमण संघीय उप प्रवर्तक विनयमुनि वागीश, उप प्रवर्तक गौतम मुनि गुणाकर,संजयमुनि, सागरमुनि का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश वर्धमान स्थानक में हुआ ।शहर के मुख्य मार्गो से श्रद्धालुओं ने श्वेत परिधान तथा श्राविकाओं ने केसरिया बाना पहने हाथ में जैन ध्वज लिए जैनम जयति शासनम,वंदे वीरम, जिनशासन के जयकारे लगाते हुए सभास्थल पहुंचे। जहां धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपप्रवर्तक,विनयमुनि ने कहा कि धर्म प्रयोजनार्थ किए गए कार्य कभी निष्फल नहीं होते है।संयम त्याग संस्कार, तप सम्यक्त्व व चरित्र आराधना वर्षावास का लक्ष्य है। आगमों में संकलित जिनेश्वर देवों के दिव्य संदेशों को प्रसारित कर प्रमाणिक जीवन जीने की कला धर्म सीखता है।यही जीवन जीने के आधार हैं। उपप्रवर्तक गौतम मुनि ने कहा कि जैन श्रमण संघीय परंपरा में आत्मोन्नित व आत्म जागरण के लिए वर्षाकाल उपयुक्त माना जाता है।पानी के योग से खेत में बीज डालने पर आसानी से प्रस्फुटित होते हैं वैसे ही धर्म के क्षेत्र में मन का वैचारिक प्रदूषण,आत्मा पर आए कषाय वासना के आवरण को ध्वस्त कर आत्मा में धर्म का बीजारोपण करने हेतु ये समय ठीक रहता है। आत्मविराधन से परे सम्यक आराधना में सहज गति करें।पर से स्वकी यात्रा कर स्वयं के वजूद को पहचाने। मुखौटे हटा वास्तविक स्वरूप का दर्शन कर स्वधर्म प्रतिष्ठा के लिए तत्पर रहे। प्रतिष्ठायन धार्मिक जगत की धुरी है।चरित्र में आदर्शवाद के प्रति अगाध निष्ठा हो।मानव शरीर धर्म का प्रथम साधन है।जिसे ज्ञान दर्शन चारित्र द्वारा संस्कारित कर,तपोयोग से आत्मज्योति प्रकट करें। इस दौरान संघ अध्यक्ष भीकम चंद कोठारी संघमंत्री सुरेशप्रकाश मेहता, वर्धमान स्थानक,कोषाध्यक्ष चांदमल दक, पारसमुणोत लालचंदमुणोत ,रतनलाल मारू, बाबूलाल देरासरिया, अरुण देरासारिया, महेंद्र कोठारी जसवंत देरासरिया पवनगन्ना, लादू लालमुणोत, तेजमलगन्ना श्यामलाल मेहता, मनोज देरासरिया,महावीर कोठारी महेंद्रगन्ना एवं बरार कालडेह शिवपुर एवं गुजरात प्रांत से काफी संख्या में,श्रावक श्रार्विकाओं,आदि मौजूद थे

### बसी आबादी को भूमि को पट्टे देने की मांग

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा में उदयपुर ग्रामीण के विधायक फूलसिंह मीणा ने पेराफेरी क्षेत्र में बिलानाम, चारागाह, कृषि, वनविभाग, देवस्थान विभाग की जमीन पर बसी हुई आबादी को भूमि को पट्टे देने की फिर एक बार पुरजोर मांग। विधायक फुलसिंह मीणा पिछले 13 वर्षो से राजस्थान विधानसभा में पेराफेरी क्षेत्र में बसी आबादी को पट्टा देने की मांग करते चले आ रहे हूॅ लेकिन अभी तक पेराफेरी क्षेत्र में निवासरत लोगो को पट्टे नहीं दिये गये है जिसके कारण गरीबी रेखा से नीचे के लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं इत्यादि का लाभ नहीं मिल पाता है और एक गरीब व्यक्ति अपना घर भी नहीं बना सकता है। विधायक फूलसिंह मीणा ने सरकार से मांग कि सरकार इस हेतु एक कमेटी बनाकर इसकी हर जिले में जांच करवाकर प्रशासन शहरों के संग अभियान में पेराफेरी क्षेत्र में बसी आबादी को पट्टा दिया जायें। विधायक फुलसिंह मीणा ने प्रदेश की भजनलाल जी शर्मा के नेतृत्व वाला भाजपा सरकार पर भरोसा करते हुए कहा कि अब इस समस्या का निवारण जरूर होगा जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले एक आमजन को भी पट्टा मिलेगा।

### टर्म इंश्योरेंस प्लान बेहतर

**जयपुर/उदयपुर,** (कासं)। कमाने वाले हर व्यक्ति के अपने वितीय लक्ष्य होते हैं, जैसे घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना या रिटायरमेंट के लिए बचत करना। लेकिन जीवन अप्रत्याशित है और कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु किसी के भी वित्तीय लक्ष्यों को बाधित कर सकती है और परिवार को वित्तीय संकट में डाल सकती है।आम तौर पर यही माना जाता है कि लोगों को एक सामान्य नियम के तौर पर पहले सुरक्षा और फिर बचत के दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए। वितीय बचत की योजना बनाने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने को सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। इसका कारण सरल है कि यदि कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो जाती है, तो परिवार बचत योजना को कैसे जारी रखेगा। आदर्श रूप से जीवन बीमा को सभी बकाया देनदारियों को कवर करना चाहिए और परिवार के जीवन को जारी रखने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए।

### महिला के गले से छीनी चेन

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में पैदल टहल रही महिला के गले से बाइक सवार बदमाश सोने की चेन छीन फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नीरज कुमार जैन पुत्र नवीन कुमार जैन निवासी कृष्णा विहार कॉलोनी न्यू विद्यानगर हिरणमगरी सेक्टर 4 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 13 जुलाई रात में मेरी पत्नी पुत्री के साथ मकान के बाहर रोड़ पर टहल रही थी। इस दौरान आए बाइक सवार बदमाश गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन छिन ले गए। इस दौरान चेन पकडने पर बदमाश आधी चेन ले जाने में ही सफल रहे। इसकी सूचना कर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टैबल जीवननाथ कर रहे है।

### शराब तस्कर पकड़ा

**उदयपुर,** (कासं)।टीडी थाना पुलिस ने शराब तस्करी मामले में एक वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार21 अप्रेल 2023 को उदयपुर अहमदाबाद हाइवे पर नाकाबंदी तोड अज्ञात बदमाश अवैध 40 कर्टन शराब से भरी कार छोड़ फरार हो गया था। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक गजेन्द्र सिंह राव के सुपरविजन में टीडी थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर कार चालक संजय पुत्र जयंतिलाल बारोट निवासी चुंडावाडा थाना बिछीवाड़ा डूंगरपुर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# एस.आर.के. कॉलेज के बाहर मिली नवजात शिशु बालिका

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित एसआरके कॉलेज के बाहर किसी अज्ञात द्वारा करीब दिन के 1 बजे एक नवजात शिशु बालिका का असुरक्षित परित्याग किया गया।

सूचना पर राजनगर थाना एसएचओ रमेश पुलिस जाप्ता मौके पर पहुँच कर नवजात शिशु को लेकर आरके चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती करवाया। नवजात के संबंध में सुचना जिला बाल कल्याण समिति एवं सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग व अधीक्षक राजकीय शिशु गृह दीपेंद्रसिंह शेखावत को दी। इस पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष कोमल पालीवाल, सदस्य बहादुरसिंह, हरजेंद्र चौधरी, सीमा डागलिया, रेखा गुर्जर, राजकीय शिशु गृह समन्वयक प्रकाशचंद्र सालवी, चाईल्ड लाईन के गहरीलाल गुर्जर चिकित्सालस पहुंचे व बालिका के स्वाथ्य के बारे में जानकारी ली। शिशु बालिका के असुरक्षित परित्याग के संबंध में जिला बाल कल्याण समिति द्वारा राजनगर थाने में प्रकरण दर्ज करवाया गया। शिशु विशेषज्ञ रामकुमार पांडे ने बताया कि शिशु बालिका का वजन 1.900 ग्राम हैं व बालिका पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष कोमल पालीवाल ने बताया कि अनचाहे नवजात शिशु के सुरक्षित परित्याग के लिए जिले में आरके राजकीय जिला चिकित्सालय, श्री गोर्वर्द्धन जिला चिकित्सालय नाथद्वारा व वेदान्ता ग्रुप व हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से जिले में 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिनमें कांकरोली, रेलमगरा, दरीबा, गिलुण्ड, कुरज, सालोर, देलवाडा, खमनोर, झालों की मदार, केलवा, केलवाडा, चारभुजा, आमेट, छापली, देवगढ, भीम में पालना गृह हैं। अनचाहे नवजात शिशुओं को कचरें, नदी, मंदिर, जंगल में नहीं छोडे। सुरक्षित परित्याग से शिशु के जीवन को बचाया जा सके व वहीं शिशु केन्द्रिय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण द्वारा दत्तकग्रहण की प्रक्रिया के बाद किसी के परिवार का चिराग बनता हैं। इसके अलावा अनचाहे नवजात शिशु के परिवार के सदस्य, रिश्तेदार सीधे बाल कल्याण समिति कार्यालय ने.हा 8 देवथडी रोड के समक्ष उपस्थित होकर सुरक्षित रूप से अभ्यर्पित कर सकते हैं। अभ्यर्पित करने वाले की पूर्ण रूप से गोपनीयता बनी रहती हैं। शिशु गृह समन्वयक प्रकाशचंद्र सालवी इसके अलावा ऐसे एकल/दम्पत्ति जिनके कोई जैविक संतान नहीं हैं वें केद्रिय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण के पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर अथवा कार्यालय राजकीय शिशु गृह, गोराजी कालाजी मंदिर के पीछे, कलालवाटी में शिशु के दत्तक ग्रहण की प्रकिया के लिए संपर्क कर सकते हैं।

# अस्पताल में लापरवाही पर कर्मचारियों को लगाई

- कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत पर सीएमएचओ भदेसर पहुंचे

**मंडफिया,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय भदेसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत पर चित्तौड़गढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ताराचंद गुप्ता सोमवार को भदेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं जानकारी प्राप्त की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को भदेसर निवासी चंदन सिंह एवं उनके साथी अपने परिजन को लेकर इमरजेंसी होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे एवं उपस्थित चिकित्सा कर्मचारी के दिशा निर्देश पर -एक्स-रे कराने पहुंचे। परंतु वहां पर कार्यरत रेडियोग्राफर देवेंद्र रेगर के द्वारा एक्स-रे करने के पश्चात प्रिंट देने में असमर्थता जताई तथा कहा कि एक्स-रे प्रिंट कापी चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं है तथा उन्हें संतुष्ट करने के हिसाब से उनके मोबाइल पर प्रिंट उपलब्ध करवा दी तथा परिजन अपने मरीज को लेकर चित्तौड़गढ़ चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने इस बात की शिकायत भदेसर कस्बे के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवी शैलेंद्र जैन सहित अन्य को की।तत्पश्चात कस्बे के समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भदेसर चिकित्सालय में हो रही लापरवाही की शिकायत जिला कलेक्टर आलोक रंजन, सांसद सी पी जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, सीएचएमओ ताराचंद गुप्ता, भदेसर उपखंड अधिकारी विजयेश कुमार पंड्या, प्रधान सुशीला कंवर आक्या, उप प्रधान प्रतिनिधि श्रवण सिंह राव, पूर्व प्रधानपति सुरेश चंद्र जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन आचार्य आदि को की। सभी ने अपने-अपने स्तर पर प्रयास किया। शिकायत की जानकारी प्राप्त होने पर सोमवार को चित्तौड़गढ़ से सीएमएचओ ताराचंद गुप्ता एवं टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदेसर पहुंची। उनके पहुंचने के साथ ही कस्बे के जन प्रतिनिधियों का एक दल भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हो रही लापरवाही की शिकायत की। जनप्रतिनिधियों एवं सीएमएचओ गुप्ता के बीच लंबी वार्ता चली तथा अस्पताल में हो रही लापरवाही के बारे में पूरी जानकारी दी। तत्पश्चात सीएमएचओ गुप्ता ने मौके पर भदेसर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष कांठेड, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भूपेश अरोड़ा से एवं कर्मचारियों से वार्ता की। वार्ता के पश्चात उन्होंने अस्पताल में हो रही लापरवाही पर कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा कहा कि आगे भी यदि शिकायत प्राप्त होती है तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। चिकित्सालय में बाबू के नहीं होने पर तत्काल बाबू की नियुक्ति के आदेश दिए साथ ही एक्स-रे मशीन की प्रिंट कॉपी के लिए तत्काल निर्देश दिए एवं कहा कि मंगलवार प्रातः से उपलब्ध हो जाएगी। जनप्रतिनिधियों एवं ठााम वासियों के द्वारा मांग की गई है कि चिकित्सालय में कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही ना बरती जाए। ताराचंद गुप्तासीएमएचओ चित्तौड़गढ़ ने बताया कि ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों की शिकायत मिलने पर भदेसर पहुंचा तथा आवश्यक जानकारी ली सभी को कडे शब्दों में कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही न बरती जाए एवं जो कमियां है उनका निराकरण करने के प्रयास किया जा रहे हैं। रघुवीर सिंह सरपंच प्रतिनिधि भदेसर ने बताया कि चिकित्सालय में काफी समय से लापरवाही हो रही है तथा आरएमएस की मीटिंग भी पिछले एक वर्ष से अधिक समय से नहीं बुलाई गई गंभीर अनियमितता की शिकायत है। भूपेश अरोड़ा ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी भदेसर ने बताया कि चित्तौड़गढ़ से अधिकारी पहुंचे चर्चा की व्यवस्था में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

### गर्मी से मिली राहत

**डूंगरपुर,** (निसं। शहर सहित गांवों में सोमवार को सुबह से तेज गर्मी और उमस का असर रहा। इससे लोग बेहाल रहे, लेकिन दोपहर ढाई बजे बाद मौसम का मिजाज बदला। आसमान में बादल मंडराने लगे और बरसात का दौर शुरू हो गया। शहर सहित कई जगहों से बारिश से लोगों को दिनभर की गर्मी और उमस से राहत मिली।

सोमवार को सुबह से आसमान खुला रहा। सुबह होने के साथ ही आसमान से सूरज की तेज किरणें निकल आई। दिन बढने के साथ ही गर्मी और उमस का असर बढ गया। दोपहर 12 बजे बाद तापमान 32 डिग्री पहुंच गया। उमस की वजह से लोग पसीने से तरबतर हो गए। वहीं, गर्मी के बाद दोपहर ढाई बजे बाद अचानक मौसम बदलने लगा। आसमान में बादल मंडराने लगे। हल्की हवाएं चलने चली। शाम 3 बजे बाद बादलों की गर्जना के साथ पहले फुहारों और फिर हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश से सडकों पर पानी बहने लगा। वहीं, बरसात की वजह से दिनभर की गर्मी और उमस से भी लोगों को राहत मिली। करीब 15 मिनट तक बारिश का दौर चलने के बाद रिमझिम चलती रही। हालांकि, मानसून शुरू हुए एक महीने का समय गुजरने को है,लेकिन डूंगरपुर में अब तक अच्छी बरसात नहीं हुई है। लोग बारिश की कामना को लेकर कई तरह के जतन कर रहे है ताकि अच्छी बरसात से खेत, तालाब और बांध भर गए।

### टीम रवाना

**उदयपुर,** (कासं)। विश्व कप 11 स्ट्रेंथलिफ्टिंग में भारतीय टीम के मैनेजर एवं अंतराष्ट्रीय निर्णायक चंद्रेश सोनी भारतीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग फेडरेशन के महासचिव बाबुल विकास पत्रनबीस के नेतृत्व मे किर्जिकिस्थान प्रस्थान भारतीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सामर ने बताय के नेतृत्व में 55 स्त्री पुरुष सदस्य भारतीय टीम वर्ल्ड प्रतियोगिता 16 से 19 जुलाई तक भाग लेगी।

# जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। केन्द्रीय संचार ब्यूरों , क्षेत्रीय कार्यालय ,सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ,भारत सरकार उदयपुर द्वारा बी.एन. विवि के बिधि संकाय में आपराधिक कानून तथा संपूर्णता अभियान, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अलावा विश्व जनसंख्या दिवस , साइबर फ्राड ,बर्षा जल संरक्षण एव वृक्षारोपण विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम और प्रतियोगिता का आयोजन किया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने युवाओ से कहा की केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचित किए गए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीनों नए कानून आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने का काम करेंगे । सहायक निदेशक मीणा ने कार्यक्रम में युवाओ को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना , नीति आयोग द्वारा 4 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाए जा रहे 3 महीने का संपूर्णता अभियान के अलावा विश्व जनसंख्या दिवसे बताया ।

## शिक्षा अधिकारी को सौंपा

**डूंगरपुर,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ लोकतान्त्रिक के प्रदेश महामंत्री सुभाषचंद्र भट्ट के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, प्रारंभिक शिक्षा मुख्यालय जिला डूंगरपुर से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर वार्ता कर ज्ञापन प्रेषित किया। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष हरिओम पंचाल ने बताया कि अनुसूचित क्षेत्र टीएसपी एरिया,में कार्यरत शिक्षकों को राज्य सरकार के आदेशानुसार गैर अनुसूचित क्षेत्र नॉन टीएसपी एरिया में नियुक्त करने हेतु उपरोक्त शिक्षको से प्राप्त विकल्प के आधार समायोजित करने हेतु निर्देशित किया गया था। आदेश की पालना में डूंगरपुर जिले के लगभग शिक्षको को पंचायत प्रारंभिक अधिकारी ने विकल्प पत्र में भरे गैर अनुसूचित जिलों हेतु कार्यमुक्त कर दिया गया था।

**भुल सुधार**

9 जुलाई अंक में प्रकाशित आम सुचना में भुल वश मेसर्स कृष्णा सोनेक्स ग्रेनाइट छप गया है जिसे सुधार कर मेसर्स कृष्णा स्टोनेक्स पढा जाए ।

शंकर सिंह राठौड

**आम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा आरएएसएमईसीसी, उदयपुर में प्रार्थी श्री विक्की पंवार पिता श्री रामलाल पंवार निवासी 22-23, यूआईटी कॉलोनी, आकाशवाणी के सामने, मादड़ी, उदयपुर (राज.) ने अपने स्वामित्व के नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा आवंटित आवासीय क्वार्टर संख्या 22 पुरोहितों की मादडी, उदयपुर (राज.) को मेरे उक्त व्यवहारी बैंक में साम्य बंधक कर ऋण लेने हेतु आवेदन किया है। प्रार्थी के स्वामित्व के उक्त आवासीय क्वार्टर के चेन ऑफ टाईटल में असल आवंटन पत्र क्रमांक 690-692 दिनांक 14.05.1996 जो नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा श्री विनोद कुमार खैत्रा पिता श्री गणेश लाल के पक्ष में जारी है, जो दिनांक 02.07.2024 को प्रताप नगर, उदयपुर में रास्ते में कहीं गुम हो गया है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाना प्रताप नगर, उदयपुर में दैनंदिनी संख्या 068 दिनांक 08.07.2024 में दिनांक 08.07.2024 को दर्ज करवाई गई थी। प्रार्थी अब आवासीय क्वार्टर संख्या 22 पुरोहितों की मादड़ी, उदयपुर पर मेरे उक्त व्यवहारी बैंक से ऋण लेने जा रहा है। उक्त आवासीय क्वार्टर के चैन ऑफ टाईटल में उक्त वर्णिय असल दस्तावेज के अभाव में उक्त ऋण देने एवं साम्य बंधक करने के सबन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, सरकारी-अर्द्धसरकारी विभाग, बैंक, वितिय संस्था को या अन्य किसी को कोई आपति हो, तो मय दस्तावेज के सात दिवस में मेरे से अथवा बैंक की उक्त शाखा में सम्पर्क करे। बाद गुजरने मयाद उक्त वर्णित आवासीय क्वार्टर को उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर साम्य बंधक कर उक्त प्रार्थी को ऋण प्रदान करने की कार्यवाही करा ली जावेगी। तत्पश्चात किसी का भी उजर मान्य नहीं होगा एवं मेरे व्यवहारी बैंक के मुकाबले अवैध एवं शुन्य होकर अमान्य होगा।

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 11.07.2024

भूपेन्द्र कोठारी एडवोकेट
BHUPENDRA KOTHARI
Mobile: 94147-36844
49 (N), Sunderwas, Udaipur (Raj.)

# गौशाला परिसर में लगाया जामुन का पौधा

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ श्रीद्वारकाधीशजी मंदिर कांकरोली के युवराज वेदांत कुमार बावा ने सोमवार को राबचा स्थित आदेश गौशाला का अवलोकन किया। गौमाता के सेवा कार्य को देख उन्होंने व्यवस्था की सराहना की। इस दौरान उन्होंने मिराज समूह द्वारा लगाए जा रहे एक करोड पौधरोपण अभियान से जुडकर पौधरोपण भी किया। युवराज वेदांत कुमार बावा राजभोग झांकी बाद राबचा गौशाला पहुंचे। जहां गौशाला के व्यवस्थापक प्रमोद पालीवाल, गिरीश पालीवाल, हेड ग्वाल सत्तु गुर्जर ने उनकी अगवानी की। गौशाला के कार्यालय में मिराज समूह के मदन पालीवाल की ओर से व्यवस्थापक प्रमोद पालीवाल के नेतृत्व में ग्वालबालों ने इकलाई ओढकर स्वागत किया। व्यवस्थापाकों ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 25 साल पहले प्रदेश में बारीश नहीं होने से अकाल पडा था, जिसके चलते गौ पालकों के सामने घास और पानी को लेकर समस्या होने लगी। इस दौरान मिराज समुह के सीएमडी मदन पालीवाल ने गौ सेवा का संकल्प लेते हुए राबचा में आदेश गौशाला की शुरूआत की। इस दौरान कई गौ पालक बिना दुध देने वाली गौ माताओं को गौशाला में छोड गए, तभी से गौशाला में निरंतर गौ माता की सेवा कार्य किया जा रहा है। श्रीद्वारकाधीशजी मंदिर ओर से युवराज वेदांत कुमार बावा ने गौशाला व्यवस्थापक प्रमोद पालीवाल को ईकालाई और प्रभु श्रीद्वारकाधीशजी का प्रसाद देकर वल्लभ कुल की परंपरानुसार समाधान किया। युवराज वेदांत बावा ने संपूर्ण गौशाला परिसर का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा और व्यवस्थापकों से विस्तार की जानकारी ली। गिर नस्ल की गौ माता को उन्होने गुड और दलिया खिलाया। गौशाला में सीएनजी गैस, जैविक खाद्, गौ मुत्र से अर्क, घी, मिठाईयां आदि बनाने की प्रकिया को देखा। युवराज वेदांत कुमार बावा ने मिराज समूह के सीएमडी मदन पालीवाल द्वारा किए जा रहे गौ सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि कांकारोली स्थित श्रीद्वारकेश गौशाला में भी इस तरह से बदलाव कर हाईटक बनाया जाएगा। इस दौरान समाजसेवी हेमंत रजक सहित गौशाला के ग्वालबाल मौजूद थे। गौशला परिसर में किया पौधारोपण : मिराज समुह के सीएमडी मदन पालीवाल द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान से जुडते हुए युवराज वेदांत कुमार बावा ने गौशाला परिसर में पौधारोपण किया।

### शहादत की रात आज

**उदयपुर,** (कासं)। शहंशाह-ए-कर्बला हजरत इमाम हुसैन और उनके साथ ईराक के मैदाने कर्बला में शहीद हुए 72 जानिसारों की शहादत की याद में मंगलवार को शहादत की रात मनाई जाएगी। बडा ताजिया (पल्टन) कमेटी के शाहनवाज खान ने बताया कि मोहर्रम माह की 9वीं तारीख को मुस्लिम बाहुल्य क्षैत्रों में ताजिया को जियारत के लिए रखा जाएगा जहां पर अकीदतमंद मन्नतें उतारेंगे एवं ताजियों पर मेवा, फरूट, मिठाई, मुंगफली, नारियल, चांदी से बने सेहरे एवं फूल, अगरबत्ती चढाई जाएगी।

धोली बावडी, अलीपुरा एवं पल्टन ताजिया पर जायरीनों की भारी भीड को देखते हुए विशेष व्यवस्था एवं साजो सज्जा की गई है।

शहर की मस्जिदों में भी महफील ए मिलाद और विशेष इबादत की जाएगी। इस अवसर पर ताजिया की जियारत वाले मार्गो पर सबीले सजाई जाएगी जहां पर खीर, हलवा, पुलाव, ठंडा पानी एवं विभिन्न प्रकार के शीतल पेय तबर्रुक के रुप में बांटा जाएगा साथ ही मुस्लिम मोहल्लों में आम न्याज भी आयोजित की जाएगी। शहादत की रात को ही भडभुजा घाटी पर छडी मिलन की रस्म देर रात 1 बजे अदा की जाएगी जिसमें बडी संख्या में शहर के आसपास के धर्मावलंबी शामिल होंगे।

## सार-समाचार

### दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर,( कासं )।** हिरणमगरी थाना पुलिस ने दंपत्ति व परिजनों के खिलाफ माल बेचने का इकरार कर लाखों की नकदी हडप कर पीडित के साथ धोखाधड़ी करने पर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित महेन्द्र अठावाल पुत्र पताराम निवासी हॉस्पीटल रोड़ काडकद कुल्टी पश्चिम बंगाल हाल राजेन्द्र नगर गारियावास रोड़ ने आरोपी पलाश वैष्य पुत्र अशोव, अंकिता पत्नी पलाश एवं अशोक वैश्य निवासी राजेन्द्र नगर गारियावास के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मै बालाकृष्ण ट्रेडिंग कंपनी के नाम से कारोबार करता हूं एवं आरोपी गणपति मीन बेंचर प्रा. लि. के नाम से कारोबार करते है। वर्ष 2023 में क्वार्टस पाउडर खरीदने का दोनों के बीच इकरार हुआ। इसके अनुसार मैने आरोपियों की कंपनी खाते में 92 लाख 50 हजार रूपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने 14 लाख 5 हजार 195 तथा नवंबर 2023 में 2 लाख 20 अप्रेल 2024 को 2 लाख रूपये मेरे खातें में आरोपियों ने ट्रांसफर किए। इसके बाज न तो आरोपियों ने माल भेजा न नकदी भेजी। आरोपियों ने अब तक 74 लाख 44 हजार 805 रूपये बकाया है। गत दिनों से आरोपियों ने माल भेजना बंद कर दिया।

### के.के. गुप्ता संरक्षक मनोनीत

**उदयपुर,**(कासं)। स्वच्छ भारत मिशन ठाामीण भारत सरकार के एनएसएससी सदस्य एवं स्वच्छ भारत मिशन ठाामीण राजस्थान सरकार के संयोजक के के गुप्ता को महाराणा प्रताप स्मारक समिति चावंड की कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया।चावंड स्थित महाराणा प्रताप के महलों के खंडहर,स्मारक स्थल एवं समाधि स्थल बंडोली को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पार्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित करने एवं महत्वपूर्ण बनाने में केके गुप्ता मुख्य भूमिका निभाएंगे। महाराणा प्रताप स्मारक समिति चावंड के राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रभारी ईश्वर टेलर, परामर्शदाता ख्याली लाल देवडा, अध्यक्ष भगवती प्रसाद आमेटा, उपाध्यक्ष राजेंद्र खलुडिया,कोषाध्यक्ष ख्याली जैन की उपस्थिति में मनोनयन पत्र सोपा गया।

### युवक की अकाल मौत

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को पानेरियों की मादड़ी निवासी भंवरलाल (35) बाबूलाल वसीटा की अकाल मौत हो गई। एसआई विरमसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। भंवरलाल लौण्ड्री का काम करता था एवं बाइक पर अपने भाणेज के साथ कपडे देने के लिए जा रहा था। जहां उदियापोल स्थित सरेमा किंग होटल के समीप अचानक वह नीचे गिर पड़ा। जिसे अचेतावस्था में चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के प्रतापनगर थानाक्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार 14 जुलाई को पाली हाल उदयपुर निवासी यश पुत्र सोहनलाल परिहार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। यश एलन स्कूल का छात्र था एवं बाइक पर अपनी बहन से मिल कर वापस लौट रहा था। जहां बीच रास्ते प्रतापरनगर पेसिफिक के समीप सर्विस रोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल देवेन्द्रसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

### उपचार के दौरान तोड़ा दम

**उदयपुर,**(कासं)। चूल्हे में गिरने से झुलसे बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को खेरवाड़ा थाना क्षेत्र उपला मगरा झलपका निवासी अठारह माह के विजय पुत्र शंभूलाल दामा की झुलसने से मौत हो गई। रविवार सवेरे उसकी मां पिंकी चूल्हे पर काम कर रही थी। इसी दौरान फसल में बंदर आने की सूचना पर वह विजय को छोड़ खेत की तरफ भागी। इस दौरान विजय खेलीते हुए खेलते-खेलते चूल्हें में जा गिरा। जिससे वह झुलस गया। इसको देख परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिक्तिसालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई दिग्विजयसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा

### लूट का आरोपी दबोचा

**उदयपुर,**(कासं)। कोटडा थाना पुलिस ने दो माह पूर्व लूट की वारदात करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड के सुपरविजन में कोटडा थानाधिकारी अशोकसिंह चंपावत के नेतृत्व में गठित दल ने दो माह पूर्व हुई लूट की वारदात के मामले में दर्ज प्रकरण संख्या 81/2024 की वारदात करने के मामले में फरार आरोपी मौजा उपलाथला में दबीश देकर मुख्य आरोपी किशनलाल पुत्र रेशा खैर निवासी उपलाथला कोटडा को गिरफ्तार किया।

UCWL UDAIPUR CEMENT WORKS LIMITED

PLATINUM SUPREMO CEMENT | PLATINUM HEAVY DUTY CEMENT

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2024**

(Amount in ₹ Crs.)

| Sl. No. | Particulars | Three Months Ended 30.06.2024 | Three Months Ended 30.06.2023 | Year ended 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 324.82 | 246.30 | 1,163.59 |
| 2 | Profit Before Interest, Depreciation & Taxes (EBITDA) | 40.10 | 27.78 | 196.89 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the Period (before Tax and Exceptional Items) | (14.01) | 6.31 | 75.89 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the Period Before Tax (after Exceptional Items) | (14.01) | 6.31 | 84.78 |
| 5 | Net Profit / (Loss) for the Period After Tax (after Exceptional Items) | (10.28) | 4.21 | 61.41 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | (10.24) | 4.10 | 62.88 |
| 7 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value ₹ 4/- per Share) | 224.22 | 124.56 | 224.22 |
| 8 | Other Equity (excld. Revaluation Reserve) | | | 663.21 |
| 9. | Earnings Per Share (of ₹ 4/- each) (Not Annualised) Basic / Diluted | (0.18) | 0.14 | 1.25 |

**Notes:**

(1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 15th July, 2024.

(2) The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter ended 30th June 2024 filed with the Stock Exchange under Regulations 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results is available on the websites of stock exchanges at www.bseindia.com and www.nseindia.com and also on Company's website at www.udaipurcement.com.

Place: New Delhi
Date : 15th July 2024

**Vinita Singhania**
**Chairperson**

**Shareholders holding shares in Physical Mode are requested to dematerialise them & complete their KYC.**

**Regd. Office:** Shripati Nagar, CFA, P.O. Dabok, Udaipur-313 022 (Rajasthan)
**Admin Office:** Nehru House, 4, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi - 110 002
**Website:** www.udaipurcement.com, **Email Id:** ucwl.investors@jkmail.com
**Tele/Fax:** 0294-2655076/77, **CIN:** L26943RJ1993PLC007267